मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 45 ■ अंक : 257 ■ शुक्रवार 9 जनवरी 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
epaper.ulhasvikas.com


पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**कृति सेनन बहन की शादी के लिए उदयपुर पहुंची**

# पानी, सड़क, सफाई के मुद्दे नदारद

**उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव**

## चुनाव में किसी भी पार्टी ने जारी नहीं किया घोषणा पत्र

- बिल्डिंग्स की छतों और फार्महाउस में चल रही पार्टियां
- मतदाताओं को लुभाने की चल रही पॉलिटिक्स

**उल्हासनगर.** महानगर पालिका चुनाव की जंग शुरू होते ही शहर की पॉलिटिक्स की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है, जिसमें डेवलपमेंट, पानी, सड़क और सफाई के मुद्दों को किनारे रखकर सीधे वेज-नॉनवेज थाली, गिलास और DJ इन तीन पॉइंट्स पर फोकस किया जा रहा है। मतदाताओं को खुश करने के लिए शहर की कई बिल्डिंग्स की छतों पर और शहर के बाहर फार्महाउस, रिसॉर्ट और होटलों में चल रही पार्टियों ने हर जगह हाउसफुल सिचुएशन बना दी है। वोटिंग से पहले मतदाताओं को लुभाने की पॉलिटिक्स अब खुलकर चर्चा में आ गई है। वहीं उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव में किसी भी पार्टी ने घोषणा पत्र जारी किया है.






उल्हासनगर में इलेक्शन का ऐलान होते ही यह साफ हो गया है कि कई पॉलिटिकल ग्रुप्स ने कैंपेन मीटिंग्स के साथ-साथ सीधे प्राइवेट पार्टियों और नाइट पार्टियों का रास्ता अपना लिया है। शहर की कई सोसाइटियों की छतों पर देर रात तक डिनर, DJ, गाने के प्रोग्राम और पार्टी ऑर्गनाइज करके मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की जा रही है। कुछ जगहों पर तो यह भी जानकारी सामने आ रही है कि पूरी बिल्डिंग में रहने वालों को उनके परिवार के साथ बुलाया जा रहा है और 'हमारे लोग, हमारे लोग' का इमोशनल मैसेज दिया जा रहा है।

### ■ बुकिंग फुल

होटल वालों का कहना है कि चुनाव के दौरान शहर ही नहीं, बल्कि कर्जत, बदलापुर और बारवी इलाके भी फुल हो गए हैं। चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही कई जगहें लगातार दो से तीन हफ्तों के लिए बुक हो गई हैं। प्राइवेट पार्टियों, लाइव म्यूजिक और स्पेशल मेन्यू की डिमांड काफी बढ़ गई है।

### ■ लाखों का खेल

एक सिंपल फार्महाउस का किराया 25 हजार से 80 हजार तक बताया जा रहा है, जबकि 3 लग्जरी फार्महाउस का पैकेज 60 हजार से 2.5 लाख तक बताया जा रहा है। क्योंकि 'हर व्यक्ति' का पैकेज 799 से 2500 रुपये तक है, इसलिए एक रात की दावत पर लाखों खर्च हो रहे हैं। असलियत यह है कि आधी रकम पहले ही एडवांस के तौर पर दी जा रही है।

### ■ चुनाव आयोग को चुनौती

जहां खाना, ड्रिंक या दूसरी 'फ्रीबीज' देकर वोटरों को अट्रैक्ट करना साफ तौर पर मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के नियमों के खिलाफ है, वहीं ऐसे सीक्रेट और प्राइवेट इवेंट्स को कंट्रोल करना इलेक्शन मशीनरी के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

## CM से मिले पैनल 11 के BJP उम्मीदवार प्रवीण किशनानी

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा पैनल 11 के भाजपा उम्मीदवार प्रवीण किशनानी, रवि जग्यासी, प्रीति माखीजा, कविता पंजाबी ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सभा में अपनी शिरकत करते हुए उनसे विशेष रूप से मुलाकात कर उन्हें भगवान झूलेलाल की प्रतिमा भेंट की। श्री किशनानी वहां पैनल 11 का नेतृत्व करने भाजपा की ओर से उपस्थित थे। श्री किशनानी ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने हमें पहले से ही वादा किया है कि चुनाव में जीत के बाद पैनल 11 के लिए विशेष फंड विकास हेतु दिया जाएगा जिससे वार्ड की समस्याओं का समाधान होगा। पैनल 11 से किशनानी को चुनाव प्रचार के दौरान भरपूर समर्थन मिल रहा है।

## पैनल 16 में साई पक्ष की टीवी दिखाएगी सच्चाई -गेमनानी



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा पैनल 16 में शिवसेना समर्थित साई पक्ष के उम्मीदवार राजा गेमनानी ने अपनी कृष्णा नगर प्रचार रैली में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वार्ड में जो विकास कार्य लोगों को चाहिए वो नगरसेवक उन्हें नहीं दे पाए हैं केवल झूठे वादे करके मतदाताओं को गुमराह किया गया है लेकिन साई पक्ष की टीवी लोगों को उन नेताओं की सच्चाई दिखाएगी और सच्चाई व ईमानदारी से पैनल 16 की सेवा कर इसे विकासशील वार्ड देगी। इस वार्ड में शिवसेना समर्थित साई पक्ष से राजा गेमनानी, दीप्ति दुधानी, ज्योति चैनानी व अगीचा चुनाव मैदान में है। उन्हें टक्कर देने भाजपा व राकांपा उम्मीदवार मैदान में है।

# कांग्रेस के 11 नगरसेवकों ने भाजपा में किया प्रवेश

- नगरसेवक कबीर गायकवाड़ ने भाजपा में प्रवेश नहीं किया
- पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटिल

▶▶ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** कांग्रेस पक्ष से निलंबित किए गए 12 नगरसेवकों में से 11 नगरसेवकों ने भाजपा नेता गुलाबराव करंजुले के नेतृत्व में नवी मुंबई में जाकर मंत्री गणेश नाईक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की उपस्थिति में भाजपा में प्रवेश किया है. कांग्रेस नगरसेवक कबीर गायकवाड़ ने भाजपा में प्रवेश नहीं किया है. लेकिन वह भाजपा, राकांपा, कांग्रेस के नगरसेवकों द्वारा गठित की गई अंबरनाथ विकास आघाड़ी को समर्थन देंगे. ऐसा उन्होंने कहा है. शहर में ये बात भी फैल गई है कि किरण राठोड नगरसेवक ने भी भाजपा में प्रवेश नहीं किया है. हमने उनसे खुलासा लेने के लिए फोन किया तो उन्होंने हमारा फोन नहीं उठाया, लेकिन बाद में मालूम पड़ा है कि किरण ने भी भाजपा में प्रवेश किया है. पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटिल ने भी भाजपा में प्रवेश नहीं किया है. उन्होंने कहा है कि वह कांग्रेस पक्ष शहर में आगे बढ़ाने का कार्य करते रहेंगे.

विदित हो कि बुधवार को कांग्रेस के नवनिर्वाचित 12 नगरसेवकों को कांग्रेस पक्ष से निलंबित कर दिया गया था. इन 12 में से 11 ने प्रदीप पाटिल, दर्शना उमेश पाटिल, अर्चना चरण रसाल, विपुल प्रदीप पाटिल, संजीवनी राहुल देवडे, म्हात्रे मनिषा, तेजस्विनी मिलिंद पाटिल, जयशंकर धनलक्ष्मी, हर्षदा पंकज पाटिल, किरण राठोड़ और दिनेश गायकवाड़ ने भाजपा में प्रवेश किया. लेकिन कबीर गायकवाड़ ने भाजपा में प्रवेश नहीं किया है. इन कांग्रेस नगरसेवकों के भाजपा में प्रवेश से कांग्रेस सेकुलर विचारों को मानने वाले इन नगरसेवकों के प्रति रोष देखा जा रहा है और कहा जा रहा है कि इन्होंने सेक्युलर विचारों का घोर अपमान किया है.

### स्वीकृत नगरसेवकों के लिए आज होंगे नामांकन दाखिल

आज शुक्रवार 9 जनवरी को स्वीकृत नगरसेवकों के लिए नामनिर्देशन पत्र दाखिल करने की आखरी तारीख है. दोपहर 2.30 बजे तक नामनिर्देशन पत्र जिलाधिकारी कार्यालय में दाखिल किया जाएंगे. 12 जनवरी को 5 स्वीकृत नगरसेवकों का चुनाव होगा और पीठासीन अधिकारी नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले पाटिल दोपहर 3 बजे तक स्वीकृत सदस्यों के नामों की घोषणा करेंगे. उप नगराध्यक्ष का चुनाव 12 जनवरी को होगा. नाम निर्देशन 11 से 1 बजे तक. छाननी 12 को ही 1 बजे से 1.15 बजे तक, नामनिर्देशन वापस लेना है. 1.30 से 1.45 बजे तक जरूरत पड़ने पर चुनाव लेकर नगराध्यक्षा 2.30 बजे तक नतीजे की घोषणा करेंगी.

## सुखरामानी के समर्थन में आया हर समाज



**उल्हासनगर।** सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष रह चुके महेश सुखरामानी ने देश-विदेश के सिंधी समाज के साथ अपने वार्डवासियों के लिए कार्य किए हैं। यहां रहने वाले सिंधी कलाकारों को प्रोत्साहन देना और उन्हें मंच देकर उन्हें आगे बढ़ाने की प्रेरणा भी उनके द्वारा दी गई है। जिस कारण सिंधी समाज का उन्हें पैनल में भरपूर समर्थन मिल रहा है वहीं चुनाव प्रचार के दौरान महेश सुखरामानी ने कहा कि सिंधी समाज के साथ साथ उन्हें सिख लबाना समाज, मराठी समाज व उत्तर भारतीय समाज का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है। सिंधी समाज के लिए हमारी सेवा पहले भी समर्पित थी और आज भी समर्पित है। ज्ञात हो कि पैनल 6 से शिवसेना, टीओके व साई पक्ष के संयुक्त उम्मीदवार महेश सुखरामानी, प्रेरणा माखीजानी, विक्की सिंह और जया प्रकाश माखीजा इन दिनों चुनाव प्रचार में तीर कमान के लिए वोट मांग रहे हैं वहीं भाजपा से भी उनको कड़ी टक्कर मिल रही है।

## पैनल 15 में गुंडागर्दी चलने नहीं देंगे -शिवसेना




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 15 में शिवसेना उम्मीदवार अरुण आशान, काजल अमर जग्यासी, संगीता नितिन सपकाले व इंदिरा निखिल पाटील चुनावी मैदान में है।

चुनाव प्रचार के दौरान लोगों को स्थानीय समस्याओं के साथ बढ़ती परिसर में गुंडागर्दी की शिकायतें भी शिवसेना को मिली है। इस गुंडागर्दी से निजात दिलाने और कानून व्यवस्था को सुधारने का वादा पैनल 15 से शिवसेना उम्मीदवारों ने दिया है। पिछले 15 वर्षों से यहां पर बुनियादी सुविधाएं लोगों को जो नहीं मिल रही है उसे पूरा करने का वादा उन्होंने किया है। सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा इस पैनल में विशेष फंड से कार्य किए जाएंगे जिससे यह पैनल समस्याओं और गुंडों से मुक्त होगा ऐसा शिवसेना ने प्रचार में कहा है। यहां पर भाजपा उम्मीदवार शिवसेना को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

## पैनल 12 में भाजपा के प्रचार का डंका



**उल्हासनगर।** 15 जनवरी को होने वाले उल्हासनगर मनपा चुनाव हेतु शहर भर में प्रचार जोरों पर चल रहा है। ऐसे में पैनल 12 में भाजपा उम्मीदवार टोनी सीरवानी, ज्योति पिंटो बठिजा, कैलाश म्हात्रे व राखी कजानिया का ओटी सेक्शन में चुनाव प्रचार चल रहा है। श्री सीरवानी ने अपने प्रचार में कहा कि मेरा लक्ष्य हमेशा से ही वार्ड के विकास की ओर रहा है। वार्ड में सीसीटीवी से लेकर रास्ते व पानी मुहैया कराया है। प्रशासकीय राज में भी यह कार्य मेरे जारी रहे। विरोधी पक्ष केवल विरोध करते रह गए और मैं कार्य करते रहा। तो विरोधी केवल बातें कर अपना कार्य आज भी कर रहे और वार्डवासियों को गुमराह कर रहे हैं। हमने जो वादा किया है वो पूरा किया है। भाजपा के सामने राकांपा व अपक्ष उम्मीदवारों ने उन्हें टक्कर दी हुई है।

## पैनल 2 में शिवसेना प्रत्याशी जमनू पुरस्वानी का डोर-टू-डोर प्रचार



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 2 में शिवसेना के उम्मीदवारों का प्रचार जोरों पर चल रहा है। शिवसेना उम्मीदवार जमनू पुरस्वानी, अनुष्का गोपलानी, होशियार सिंह व सविता पारवानी का इन दिनों प्रचार जोरों पर चल रहा है। चुनाव में अब केवल एक सप्ताह से भी कम का समय है ऐसे में हरेक मतदाता के घर पहुंचने के लिए शिवसेना-टीओके उम्मीदवार जमनू पुरस्वानी अपने साथी उम्मीदवारों के साथ डोर टू डोर प्रचार कर रहे हैं। इस प्रचार के दौरान वो मतदाताओं की समस्याओं से भी अवगत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो कार्य नहीं हो पाएं हैं वो चुनाव के बाद वो पूरा करेंगे और जनता के बीच वापस आएंगे।

## पैनल 7 में युवा करेंगे परिवर्तन



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 7 में युवा व शिक्षित शिवसेना उम्मीदवार मयुर प्रभु लहाने, आर्किटेक्ट दुर्गा प्रसाद राय, अश्विनी निकम, संगमित्रा हजारे द्वारा वार्ड में जोरदार प्रचार चल रहा है। यहां पर युवा उम्मीदवारों को स्थानीय जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। लाडकी बहनों ने अब तय किया है कि अब परिवर्तन की लहर इसी पैनल से शुरू होगी और पैनल की भागदौड़ अब युवाओं के हाथों में देने का मन जनता ने बना दिया है ऐसा स्थानीय वार्डवासियों का कहना है। इन युवाओं को टक्कर देने के लिए भाजपा व आरपीआय के उम्मीदवार भी मैदान में है।

## पैनल 11 में साई पक्ष के प्रत्याशियों को जनसमर्थन



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा पैनल 11 में साई पक्ष के उम्मीदवार जीवन इदनानी, किरण सिंह, इंदिरा उदासी और डॉ. हरेश उदासी चुनावी मैदान में है। साई पक्ष का यहां पहले से ही वर्चस्व है ऐसे में साई पक्ष प्रमुख जीवन इदनानी ने कहा कि प्रशासकीय राज के दौरान भी यहां हमने सीसी पैसेज, पानी की लाइन, सफाई का कार्य किया है। वार्डवासियों के साथ हमारा सीधा संपर्क है और चुनाव प्रचार के दौरान भी जनसमर्थन मिल रहा है।

## 14, 15, 16 जनवरी को ड्राई-डे

**उल्हासनगर.** चुनाव आयोग ने मनपा चुनाव को देखते हुए सख्त कदम उठाए हैं। वोटिंग के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 14, 15 और 16 जनवरी को शहर में 'ड्राई डे' के आदेश दिए गए हैं। साथ ही, चीफ इलेक्शन इंस्पेक्टर ने साफ किया है कि किसी भी उम्मीदवार के प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड (बॉडीगार्ड) को पोलिंग स्टेशन या काउंटिंग रूम में घुसने की इजाज़त नहीं होगी। चीफ इलेक्शन इंस्पेक्टर नीलेश गटणे और इलेक्शन इंस्पेक्टर रवींद्र ठाकरे ने बुधवार को महानगरपालिका में चुनाव की तैयारियों का डिटेल में रिव्यू किया। इस मीटिंग में कमिश्नर मनीषा अव्हाले समेत चुनाव से जुड़े सभी फैसले लेने वाले अधिकारी मौजूद थे। चुनाव प्रक्रिया को बिना डरे और बिना डरे करवाने के लिए प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड को सेंटर से बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है। आदर्श आचार संहिता को अच्छे से लागू करने के लिए, मतदान के दिन (14 से 16 जनवरी) से पहले और उस दिन सभी शराब की दुकानें बंद रहेंगी। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, मतदान सामग्री का वितरण, मॉक पोल और मतदान टीमों की नियुक्ति से जुड़े सभी मामलों को नियमों के अनुसार सख्ती से लागू करने का आदेश दिया गया है।

**पैनल 9 की सभा में पप्पू कालानी की घोषणा**

## 'मुझे सत्ता दो, मैं आपको हर सुविधा दूंगा'




उल्हासनगर। उल्हासनगर मनपा के पैनल 9 में शिवसेना के युवा उम्मीदवार आकाश सुमित चक्रवर्ती, डिंपल कुमारी, कविता लासी द्वारा सुभाष नगर में आयोजित भव्य सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पप्पू कालानी ने कहा कि आप मुझे इस बार सत्ता दो मैं आपको शहर में हर सुविधा दूंगा ताकि लोग यहां से पलायन न करें। शिक्षा व आरोग्य के लिए हमारी बहुत सारी योजनाएं हैं। इन युवाओं के हाथ में अगर शहर का भविष्य होगा तो विकास दुगना होगा। इस बार युवाओं के हाथ में शहर की भागदौड़ होगी और अपना पूरा समर्थन भी युवाओं को अपने उज्जवल भविष्य के लिए जरूर दें। शिवसेना उम्मीदवारों के सामने भाजपा व राकांपा के उम्मीदवार मैदान में है।

## पैनल 16 व 17 राकांपा मय कर देंगे- गंगोत्री



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 16 में एक तरफ राकांपा उम्मीदवार सोनिया धामी, विजय राजवानी, भाऊ म्हात्रे व नेहा प्रकाश लुंड ने भ्रष्टाचारियों को जड़ से उखाड़ने के लिए कमर कस ली है तो वहीं पैनल 17 में राकांपा उम्मीदवार भारत गंगोत्री, कमलेश सिरसाठ, रिंकी धामेजानी व सोनिया थदानी ने चुनाव प्रचार के दौरान उन्हीं भ्रष्टाचारियों की नींद उड़ाई है जिन्होंने इन दोनों पैनलों में विकास कार्यों को रोक दिया है। इन दोनों ही पैनलों को राकांपा मय मतदाताओं को 15 जनवरी को करना है। ऐसा भारत गंगोत्री ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा है। मतदाताओं को पैनल 17 के विकास का ट्रेलर जो देखने को मिला है वो 16 में भी मिलेगा। उपमुख्यमंत्री अजित दादा पवार ने जो 25 करोड़ का फंड पैनल 17 के लिए दिया था उसका रिजल्ट सबके सामने हैं। अब दोनों पैनलों के लिए चुनाव उपरांत विशेष फंड दोबारा लाएंगे। राकांपा को टक्कर भाजपा द्वारा दी जा रही है।

## पैनल-6 में पानी की समस्या हल करेंगे -वधरिया



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा पैनल 6 से भाजपा उम्मीदवार दीपक छतलानी, आयशा वधरिया, भूमि नाथानी, हेमा पिंजानी चुनानी मैदान में है। उनको टक्कर शिवसेना के उम्मीदवार दे रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया की बहु आयशा वधरिया ने एक मुलाकात में बताया कि यहां पर पानी व सफाई की काफी समस्या है उन्हें रोजाना वार्डवासियों को गुजरना पड़ रहा है। चुनाव जीतने के बाद वो सबसे पहला काम पानी को नियमित व समय पर देने का वादा कर रही हैं और साथ ही जो वार्ड में सफाई व कचरे की भी समस्या है उन्हें भी पूरी तरह हल करने का प्रयास किया जाएगा।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### अतिक्रमण की भेंट चढ़ती जिंदगी

देश भर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई और वनों के घटते दायरे से मनुष्य और वन्यजीवों के बीच संघर्ष गहराता जा रहा है। जंगलों में मानव गतिविधियों की निरंतरता से सह-अस्तित्व से जुड़े प्रकृति के नियमों का उल्लंघन हो रहा है। इसके नतीजतन भोजन की तलाश में वन्य जीव रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं और जिसकी कीमत न केवल फसलों के नुकसान के रूप में चुकानी पड़ रही है, बल्कि कई बार लोग उनकी आक्रामकता का भी शिकार हो जाते हैं।

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिलेमें मंगलवार रात एक ऐसी ही दिल दहला देने वाली घटना सामने सामने आई, जिसमें एक जंगली हाथी के हमले में छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हाथी पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में उत्पाद मचा रहा था। इस घटना के बाद वन कर्मी हरकत में आए और हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया।

ऐसे में सवाल है कि वन विभाग ने समय रहते स्थिति की गंभीरता को क्यों नहीं समझा? इन लोगों की मौत के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है? यह गंभीर चिंता का विषय है कि न सिर्फ हाथी, बल्कि चीते और तेंदुए जैसे खतरनाक जानवर भी जंगलों से निकल कर अब इंसानी बस्तियों की ओर रुख कर रहे हैं। दरअसल, जंगलों के नजदीक अतिक्रमण बढ़ रहा है। आसपास बसावट से हाथियों और अन्य वन्य प्राणियों की शांति भंग हो रही है। साथ ही वनों की कटाई से उनके लिए भोजन का संकट भी पैदा हो रहा है। नतीजा यह कि वे अपने ही आवास से बेदखल हो रहे हैं। जंगली हाथियों की बात की जाए तो उनके हमलों में हर वर्ष कई लोगों की जान जा रही है।

हाल के वर्षों में पश्चिम बंगाल और झारखंड से लेकर असम, तमिलनाडु और केरल तक कई राज्यों में हाथियों के हमले की घटनाएं बढ़ी हैं। मानव से संघर्ष में हाथियों की भी मौत हो रही है। कई बार तो उनके मार्ग में आने वाली रेल पटरियां भी उनकी मौत का सबब बन जाती हैं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए इसे सामाजिक और पर्यावरणीय पहलू से देखना होगा। जब तक समस्या की जड़ में नहीं जाएंगे, तब तक मनुष्य और वन्यजीवों के बीच टकराव खत्म नहीं होगा।

# सोमनाथ मंदिर हमारी सभ्यतागत चेतना का प्रतीक

सोमनाथ मंदिर के विध्वंस के एक हजार वर्ष पूर्ण होना हमें उस शाश्वत चेतना का स्मरण कराता है, जिसने सदियों से भारत के आत्मा को पोषित किया। सोमनाथ की यह यात्रा प्रमाण है कि हमारी सभ्यतागत चेतना वह 'अक्षयवट' है, जिसे कोई भी आक्रांता नष्ट नहीं कर सका। महमूद गजनवी द्वारा इस पवित्र मंदिर पर किया गया आक्रमण मात्र एक स्थापत्य संरचना पर आघात नहीं, बल्कि वह उस गौरवशाली सभ्यतागत पहचान को नष्ट करने का कुत्सित प्रयास था, जो युगों-युगों से इस पूण्यभूमि को भारत के रूप में परिभाषित करती आई है। वर्ष 1026 का वह घाव गहरा था, जिसने न केवल मंदिर की शिलाओं को खंडित किया, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान को भी चुनौती दी थी। हालांकि समय की धारा ने यह सिद्ध किया कि भारत की सांस्कृतिक चेतना कभी समाप्त नहीं होती।

छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज्य के संकल्प से लेकर ज्योतिर्लिंगों की मर्यादा की रक्षा तक, यह यात्रा निरंतर जारी रही। स्वराज की इस लौ को छत्रपति शिवाजी महाराज से लेकर मेरे पूर्वज महाराजा महादजी सिंधिया जैसे हजारों योद्धाओं ने अनवरत अपने शौर्य से जलाए रखा। इस ऐतिहासिक अन्याय के विरुद्ध एक सशक्त प्रतिकार अठारहवीं शताब्दी में तब देखने को मिला, जब महाराजा महादजी सिंधिया की शक्ति ने भारत के स्वाभिमान को पुनर्जीवित किया। पानीपत के तृतीय युद्ध (1761) की भीषण त्रासदी के पश्चात, जब महादजी महाराज ने अपने परिवार के सोलह सदस्यों को खोया तो यह मराठाओं की शक्ति के अस्तित्व की कठोर परीक्षा थी।



तब महादजी महाराज ने अदम्य धैर्य, निरंतर संघर्ष और दूरदर्शी रणनीति के बल पर 10 फरवरी, 1771 को दिल्ली के लालकिले पर मराठा-भगवा ध्वज फहराया। यह विजय मात्र एक नगर की प्राप्ति नहीं, बल्कि मराठा-सनातन स्वाभिमान और राजनीतिक प्रभुत्व की पुनः स्थापना का प्रतीक भी थी। वर्ष 1771 से 1803 तक दिल्ली पर सिंधिया वंश का प्रभावी नियंत्रण रहा।

वर्ष 1785 में महाराजा महादजी सिंधिया ने दिल्ली विजय के बाद लाहौर विजय अभियान आरंभ किया। उन्होंने सिखों के साथ रणनीतिक गठबंधन और स्थानीय समर्थन के बल पर सशक्त युद्धनीति अपनाई। 29 मई, 1785 को दिल्ली से भारी तोपखाने के साथ लाहौर की ओर कूच करते हुए उन्होंने अफगान गढ़ी को घेर लिया। जुलाई में हुए लगातार संघर्षों में अफगान सेनापति शाह गुलजार हुसैन, परवेज खान और अशरफ अली मारे गए। मानसून के बाद सितंबर में निर्णायक विजय मिली और मोहम्मद शाह अब्दाली को मराठाओं की अधीनता स्वीकार करनी पड़ी।

इस विजय के साथ अटक से कटक तक और प्रयागराज से भरूच तक 'हिंदवी स्वराज्य' की सुदृढ़ और प्रतिष्ठित स्थापना हुई। 1785 का लाहौर युद्ध महाराजा महादजी सिंधिया की अद्वितीय सैन्य कुशलता का प्रमाण था, जिसने अफगान सेनाओं में भय उत्पन्न किया। उनके शासन में मराठा साम्राज्य अटक से कटक तथा भरूच से प्रयागराज तक विस्तृत हुआ और भगवा ध्वज सर्वत्र लहराया। इस बार लाहौर की धरती पर उन्होंने विजय पताका फहराई और अफगान सेनाओं को सिंधु के पार खदेड़ा। इस युद्ध में महादजी महाराजा ने सदियों पहले 1026 ईस्वी में सोमनाथ पर किए गए उस आघात का वह सभ्यतागत प्रतिशोध लिया, जिसने भारत के आत्मा पर गहरी चोट की थी।

महाराजा महादजी सिंधिया लाहौर में मोहम्मद शाह अब्दाली के महल से वे ऐतिहासिक चांदी के द्वार वापस लेकर आए, जिन्हें गजनवी सोमनाथ से लूटकर ले गया था। उन्होंने भारी सुरक्षा में उन द्वारों को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग भेजने की व्यवस्था की, परंतु उन द्वारों के सोमनाथ पहुंचने पर पुजारियों का कहना था कि वर्षों तक विदेशी आक्रांताओं के अधीन रहने के कारण उन्हें पुनः स्थापित नहीं किया जाना चाहिए। इस पर महादजी महाराज ने उन्हें उज्जैन भेजा, जहां गोपाल मंदिर में उन द्वारों की प्रतिष्ठा की गई।



अपने जीवन को प्रेम की मधुर धुन बनाइए!
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# डिजिटल अफवाहें और पत्थरबाज़ी का नया 'ट्रेंड'

अगर कोई व्यक्ति या समूह किसी बात से सहमत नहीं है, तो वह अपना विरोध प्रकट कर सकता है। मगर इसका तरीका कानून के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण और अहिंसक होना चाहिए। भारतीय संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी है, लेकिन यह अधिकार कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की अनुमति नहीं देता है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान इलाके में एक धार्मिक स्थल के निकट बुधवार तड़के अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान पथराव की घटना गंभीर चिंता पैदा करती है, जिसमें पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

सवाल है कि विरोध प्रदर्शन हिंसक कैसे हो गया? क्या वजह रही कि लोगों ने पुलिस कार्रवाई को रोकने के लिए ईंट-पत्थरों का सहारा लिया? दरअसल, सोशल मीडिया पर फैलाई गई अफवाहों ने इस घटना को हिंसक रूप दे दिया, जिसमें दावा किया गया कि अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान एक धार्मिक स्थल को ध्वस्त किया जा रहा है। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और पुलिस बल पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। हालात बिगड़ते देख भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए पुलिस को भी हल्का बल प्रयोग और आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। गौरतलब है कि पत्थरबाजी की घटनाएं पहले कश्मीर में आए दिन देखी जाती थी। कई बार तो आतंकियों को बचाने के लिए भी सुरक्षाबलों पर पथराव किया जाता था। यहां तक कि मुठभेड़ के दौरान भी सुरक्षा कर्मियों को रोकने के लिए पत्थरबाजी को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाता था। हालांकि, सरकार और प्रशासन की सख्ती से हाल के वर्षों में घाटी में इस तरह की घटनाएं



काफी कम हो गई हैं। मगर, विरोध प्रदर्शन के नाम पर इसी तरह के कृत्य अब दूसरे राज्यों में भी देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा का प्रकरण भी काफी चर्चा में रहा है, जिसमें पुलिस बल पर जमकर पथराव किया गया था।

अब दिल्ली में इसी तरह की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर भी नए सिरे से बहस जोर पकड़ने लगी है। यह अक्सर देखा गया है कि इस तरह के मामलों में लोगों को एक जगह एकत्रित करने और उन्हें हिंसा के लिए उकसाने में सोशल मीडिया पर अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं का सहारा लिया जाता है। पुलिस के मुताबिक, अदालत ने रामलीला मैदान इलाके में एक धार्मिक स्थल के निकट स्थित औषधालय सहित कुछ व्यावसायिक ढांचों को अतिक्रमण घोषित किया था और इसे हटाने के लिए दिल्ली नगर निगम के कर्मी पुलिस बल के साथ मौके पर गए थे। इसी बीच, सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैला दी गई कि इलाके में स्थित धार्मिक स्थल को ध्वस्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

सवाल है कि जब अदालत ने इन व्यावसायिक ढांचों को अतिक्रमण करार दिया था, तो लोग बिना सोचे-समझे इतने आक्रामक कैसे हो गए? जबकि जिस धार्मिक संरचना को गिराने की अफवाह फैलाई गई, वह पुलिस कार्रवाई का हिस्सा थी ही नहीं। पुलिस अब इस बात की जांच भी कर रही है कि पथराव की यह घटना अचानक हुई या फिर किसी पूर्व नियोजित साजिश के तहत इसे अंजाम दिया गया। यह आशंका इसलिए भी जताई जा रही है, क्योंकि पुलिस कार्रवाई अदालत के फैसले के बाद की गई और अगर स्थानीय लोगों को कोई आपत्ति थी, तो वे समय रहते ऊपरी अदालत का दरवाजा खटखटा सकते थे। इस घटना में जो भी दोषी हैं, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

# एक आइलैंड जहां मर्दों की एंट्री पूरी तरह है प्रतिबंधित

**जरा हट के**

दुनिया में कई खूबसूरत जगहें हैं, लेकिन फिनलैंड का सुपरशी आइलैंड वाकई अनोखा है. इसे धरती का जन्नत कहा जा रहा है, जहां मर्दों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित है! यहां सिर्फ महिलाएं ही यहां जा सकती हैं.

यह 8.4 एकड़ का प्राइवेट आइलैंड बाल्टिक सागर में फिनलैंड के दक्षिणी तट के पास रासेपोरी के नजदीक स्थित है. हेलसिंकी से महज 100 किमी दूर होने के बावजूद यहां पहुंचकर लगता है जैसे दुनिया से अलग हो गए हों. यह आइलैंड अमेरिकी उद्यमी क्रिस्टिना रोथ ने 2018 में खरीदा था. वे पूर्व टेक CEO हैं और महिलाओं के लिए एक डिस्ट्रैक्शन-फ्री जोन बनाना चाहती थी. यहां कोई एजेंडा नहीं, कोई इंटरप्शन नहीं है. सिर्फ प्रकृति की गोद में रिचार्ज होने की जगह है.

इस आइलैंड पर रॉकी शोर्स, घने जंगल, फिनिश सौना और लग्जरी टच वाली विलास हैं. मेहमान बोट से आते हैं और शांत वातावरण में कदम रखते हैं. सुपरशी आइलैंड की सबसे खास बात इसकी सख्त 'नो मेन' पॉलिसी है. यहां सिर्फ महिलाएं रह सकती हैं, जो 8 मेहमानों तक सीमित है. यह इंटीमेसी बनाए रखने के लिए है ताकि यहां भीड़ नहीं, सिर्फ व्यक्तिगत स्पेस मिले. कोजी वुड कैबिन्स और विलास जंगल से घिरे हैं, जहां महिलाएं योग, मेडिटेशन, सैर या बस आराम कर सकती हैं. व्हिस्परिंग पाइन्स और जेंटल वेव्स के बीच चिंताएं गायब हो जाती हैं.



क्रिस्टिना रोथ का मकसद था महिलाओं को सशक्त बनाना. वे कहती हैं कि फास्ट-पेस्ड लाइफ में महिलाएं खुद को भूल जाती हैं. यहां वे खुद से जुड़ सकती हैं. 2018 से 2023 तक यह महिलाओं का पॉवरफुल स्पेस रहा. हजारों महिलाएं यहां आईं, दोस्त बनी और रिचार्ज होकर लौटी. लेकिन 2023 में आइलैंड बिक गया. एक पुरुष शिपिंग एग्जीक्यूटिव ने इसे 1 मिलियन यूरो से ज्यादा में खरीद लिया. उसके बाद सुपरशी ब्रांड के तौर पर कोई रीलॉन्च नहीं हुआ लेकिन सोशल मीडिया पर आज भी इसकी तस्वीरें और कहानियां वायरल हैं.

# चावल का पिट्ठा




मकर संक्रांति और पूस मास की शुरुआत होते ही ग्रामीण इलाकों के घर–आंगन में पारंपरिक व्यंजन पूस पिट्ठा की खुशबू फैलने लगती हैं। यह मीठा नाश्ते का एक बेहतरीन ऑप्शन है, जिसे बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी पसंद करते हैं। इसे बनाना मुश्किल नहीं है, बल्कि सही तरीका अपनाने पर यह बेहद आसान और मजेदार हो जाता है। अगर आप भी घर पर चावल का पिट्ठा बनाना चाहते हैं, तो यह रेसिपी आपके लिए है।

**सामग्री :**

चावल - 1 कप, 2-3 घंटे पानी में भिगोए हुए।

नारियल - आधा कप, कद्दूकस किया हुआ।

गुड़ या चीनी - 3-4 टेबल स्पून, स्वादानुसार।

घी - 1-2 टेबल स्पून।

नमक - स्वादानुसार।

**विधि :**

भिगोए हुए चावल पिट्ठा का बेस बनाने के लिए बेहद जरूरी हैं। भिगोने से चावल नरम हो जाते हैं और पीसने में आसानी होती है।

सबसे पहले, भिगोए हुए चावलों को अच्छे से धो लें। अब उन्हें ब्लेंडर में डालें और थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर स्मूथ पेस्ट बना लें। ध्यान रखें कि पेस्ट बहुत पतला न हो, हल्का गाढ़ा ही होना चाहिए। अब पिठ्ठे का बेस तैयार है।



नारियल और गुड़ या चीनी को एक बर्तन में मिलाएं। आप चाहें तो इसमें थोड़ी हरी इलायची पाउडर भी डाल सकते हैं, जिससे स्वाद और खुशबू बढ़ जाती है। गुड़ और नारियल का मिश्रण एक जैसा हो जाना चाहिए ताकि हर पिट्ठा में स्वाद बराबर पहुंचे।

पिठ्ठा बनाने के लिए स्टीमर या कढ़ाई में पानी गरम करें। अब चावल के पेस्ट से छोटे-छोटे गोले बनाएं और बीच में नारियल-गुड़ का मिश्रण भरें। आप इन्हें हाथ से चपटा भी कर सकते हैं।

स्टीमर की ट्रे पर हल्का सा घी लगाएं और पिठ्ठे रख दें। फिर इसे ढककर 10-15 मिनट तक भाप में पकाएं। ध्यान रखें कि पिठ्ठा पूरी तरह से पक जाए, लेकिन सूख न जाए।

स्टीमर की ट्रे पर हल्का सा घी लगाएं और पिठ्ठे रख दें। फिर इसे ढककर 10-15 मिनट तक भाप में पकाएं। ध्यान रखें कि पिठ्ठा पूरी तरह से पक जाए, लेकिन सूख न जाए।

# इन 6 तरीकों से सुधारें वर्क-लाइफ बैलेंस


आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और 'हमेशा कनेक्टेड' रहने वाली डिजिटल संस्कृति में वर्क–लाइफ बैलेंस बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। काम के बढ़ते दबाव और पर्सनल जिम्मेदारियों के बीच बैलेंस खोने से न केवल मानसिक तनाव बढ़ता है, बल्कि इसका सीधा असर हमारे शारीरिक स्वास्थ्य और रिश्तों पर भी पड़ता है। इसलिए वर्क–लाइफ बैलेंस बनाना काफी जरूरी है। हालांकि, इसका मतलब काम को पूरी तरह छोड़ना बिल्कुल नहीं है, बल्कि अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइप के बीच एक स्वस्थ तालमेल बिठाना है। आइए जानें कुछ असरदार तरीके, जिनसे आप बेहतर वर्क–लाइफ बैलेंस बना सकते हैं ।प्रायोरिटी सेट करें और 'ना' कहना सीखें...

## क्या ऑफिस के चक्कर में फैमिली के नहीं निकाल पा रहे हैं टाइम?

हर काम को एक ही समय पर पूरा करना मुमकिन है। दिन की शुरुआत में ही अपने कामों की एक सूची बनाएं और उन्हें जरूरी और सामान्य कैटेगोरी में बांटें। सबसे जरूरी काम पहले निपटाएं। साथ ही, अपनी क्षमताओं को पहचानें, अगर आपके पास पहले से बहुत काम है, तो विनम्रता के साथ नए कामों के लिए 'ना' कहना सीखें।

### वर्कप्लेस और पर्सनल टाइम की बाउंडरी सेट करें

वर्क फ्रॉम होम के दौर में काम और घर के बीच की रेखा धुंधली हो गई है। इसे ठीक करने के लिए काम शुरू करने और खत्म करने का एक समय तय करें। छुट्टी के दिन ऑफिस के ईमेल या मैसेज चेक करने से बचें। घर में एक अलग कोना बनाएं जिसे आप



केवल ऑफिस के काम के लिए इस्तेमाल करें।

### डिजिटल डिटॉक्स अपनाएं

तकनीक ने काम को आसान बनाया है, लेकिन इसने हमें हर समय 'उपलब्ध' रहने पर मजबूर कर दिया है। रात को सोने से कम से कम एक घंटा पहले और सुबह उठते ही फोन से दूरी बनाएं। सोशल मीडिया और काम के नोटिफिकेशंस को बंद करना आपके दिमाग को शांत रखने में मदद करेगा।

### छोटे ब्रेक लें

लगातार घंटों तक स्क्रीन के सामने बैठने से प्रोडक्टिविटी घटती है। हर एक-दो घंटे में 5-10 मिनट का ब्रेक लें। थोड़ा टहलें, पानी पिएं या बस गहरी सांसें लें। ये छोटे इंटरवेल आपको दिमागी रूप से रीचार्ज कर देते हैं।

### स्वास्थ्य को सबसे पहले रखें

अगर आप शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं, तो आप अपना बेस्ट परफॉर्मेंस कभी नहीं दे पाएंगे। इसलिए नियमित एक्सरसाइज करना जरूरी है। योग या केवल 30 मिनट की सैर भी आपके तनाव को कम कर सकती है। साथ ही, 7-8 घंटे की गहरी नींद दिमाग की काम करने की क्षमता को बढ़ाती है। कैफीन और जंक फूड के बजाय पौष्टिक खाने पर ध्यान दें।

### खुद के लिए और अपनों के लिए समय निकालें

अक्सर हम काम की व्यस्तता में उन हॉबीज को भूल जाते हैं जो हमें खुशी देते हैं। चाहे वह पेंटिंग हो, संगीत सुनना हो या कोई किताब पढ़ना, हफ्ते में कुछ घंटे अपनी हॉबीज के लिए जरूर निकालें। साथ ही, परिवार और दोस्तों के साथ बिताया गया 'क्वालिटी टाइम' आपको इमोशनली मजबूत बनाता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर–परिवार में सुख–शांति रहेगी। जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

**वृषभ** : व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा–पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर–बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** : घर–परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन–देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। शत्रुभय रहेगा।

**कर्क** : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम–प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच–समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें।

**सिंह** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा। घर–परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**कन्या** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार–व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा।

**तुला** : दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार–व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी।

**धनु** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले–बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। फालतू खर्च होगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। जोखिम बिलकुल न लें।

**मकर** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच–समझकर हाथ डालें। आशंका–कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कुंभ** : फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन–देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय होगी। संतुष्टि नहीं होगी।

**मीन** : यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा, सावधानी रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# खांसी में रामबाण उपाय...

**इन दिनों लोग बदलते मौसम और प्रदूषण का डबल अटैक झेल रहे हैं. जिस वजह से लोगों को ऐसी खांसी हो गई है. जो 2 से 3 हफ्ते तक नहीं जा रही है. ऐसे में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति से खास बातचीत.... फेमस वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि आयुर्वेद में इसका सटीक इलाज है. क्योंकि यह एलर्जिक खांसी है और इसे ठीक करने का आयुर्वेद में सबसे अच्छा उपाय यह है कि रोज सुबह और शाम गुनगुने पानी में नमक और हल्दी डालकर गरारे करें. इससे आपके गले और छाती को आराम मिलेगा और अंदर मौजूद जो कण हैं. प्रदूषण के या जो इंफेक्शन हैं. उसे भी ठीक होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा.**

### नाक में डालें ये तेल

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि रोज रात में सोने से पहले और रोज बाहर निकलने से पहले अगर आप चाहते हैं कि वातावरण में मौजूद प्रदूषण या कोई भी दूसरे दूषित कण आपके अंदर ना जाएं, तो नाक के अंदर अणु तेल, दशमूल तेल, सरसों का तेल या फिर शुद्ध देसी घी डाल लें. इसका सबसे बड़ा फायदा यही होगा की नाक के जरिए आपके शरीर के अंदर कोई भी दूषित कण प्रवेश नहीं कर पाएगा.



### आयुर्वेद की ये तीन दवाएं हैं सबसे पावरफुल

वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि अगर आपकी खांसी लगातार बनी हुई है और आप खांस खांसकर थक चुके हैं, तो आपको आयुर्वेद में मौजूद तीन पावरफुल दवा लेनी होगी. इन दवा के सिर्फ दो से तीन डोज से ही आपको आराम मिल जाएगा. चाहे जितनी पुरानी खांसी क्यों ना हो, वो ठीक हो जाएगी. ये तीन दवाएं कंटकारी अवलेह, कंस हरीतकी और व्याघ्री हरीतकी हैं. इनको एक एक चम्मच गर्म पानी के साथ लें. यह दवाएं आपको तुरंत फायदा पहुंचाएंगी.

### खांसी आने पर ये तरीके भी अपनाएं

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि अगर आप इस मौसम में स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो ज्यादा मात्रा में खाना ना खाएं. बाहर निकलते समय मास्क जरूर लगाएं. इसके अलावा बासी खाना ना खाएं. यानी जो खाना रात में पकाया है. जो बच गया है उसे सुबह खाने से बचें. इससे भी आपको खांसी से छुटकारा मिल सकता है.


# असली और नकली गुड़ की कैसे करें पहचान!

आजकल बाजार में गुड़ के नाम पर मिलावटी और केमिकल युक्त गुड़ बेचा जा रहा है. दिखने में सुंदर और चमकदार गुड़ कई बार सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है. ऐसे में जरूरी है कि गुड़ खरीदने से पहले उसकी सही पहचान की जाए. इस खबर में हम आपको कुछ आसान तरीके बताएंगे, जिनकी मदद से आप घर पर ही असली और नकली गुड़ की पहचान कर सकते हैं.

असली गुड़ में गन्ने की प्राकृतिक मिठास और हल्की सौंधी खुशबू आती है. जैसे ही आप गुड़ को तोड़ते या काटते हैं, उसमें से ताजा और मीठी महक महसूस होती है. वहीं नकली या मिलावटी गुड़ में अक्सर केमिकल, जली हुई चीनी या अजीब सी गंध आती है. अगर गुड़ से बदबू आए या खुशबू न हो, तो उसे खाने से बचना चाहिए.

एक गिलास साफ गर्म पानी लें और उसमें गुड़ का छोटा सा टुकड़ा डाल दें. असली गुड़ धीरे-धीरे घुलता है और पानी साफ बना रहता है. जबकि मिलावटी गुड़ डालते ही पानी गंदा कर सकता है या नीचे तलछट छोड़ देता है. अगर पानी में सफेद परत, मिट्टी जैसा जमाव या गंदलापन दिखे, तो समझ लें गुड़ शुद्ध नहीं है.

असली गुड़ का रंग आमतौर पर हल्का भूरा या सुनहरा होता है. बहुत ज्यादा चमकदार पीला या बहुत गहरा काला रंग मिलावट का संकेत हो सकता है. कई बार गुड़ को आकर्षक दिखाने के लिए रसायन मिलाए जाते हैं. इसलिए जरूरत से ज्यादा चमकदार गुड़ खरीदने से बचना चाहिए.



असली गुड़ खाने पर मुंह में प्राकृतिक मिठास और गन्ने का हल्का स्वाद आता है. नकली गुड़ की मिठास बहुत तेज और बनावटी होती है. कई बार उसमें हल्की कड़वाहट या गले में जलन भी महसूस होती है. अगर गुड़ खाने के बाद मुंह या गले में अजीब सा एहसास हो, तो वह मिलावटी हो सकता है.

थोड़ा सा गुड़ हथेली में लेकर मसलें. असली गुड़ नरम होता है और आसानी से टूट जाता है. मिलावटी गुड़ या तो बहुत ज्यादा सख्त होता है या जरूरत से ज्यादा चिपचिपा लगता है. अगर गुड़ हाथों में असामान्य तरीके से चिपकने लगे या प्लास्टिक जैसा महसूस हो, तो उसे खाना ठीक नहीं है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### BA की छात्रा ने बीच चौराहे पर पी लिया फिनायल

**देवरिया.** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले से खबर आ रही है कि रामपुर कारखाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह बीच चौराहे पर बीए की एक छात्रा ने फिनायल पी लिया। छात्रा को फिनायल पीते देख चौराहे पर मौजूद लोग सकते में आ गए। थोड़ी ही देर बाद छात्रा को उल्टी होने लगी। यह देख चौराहे पर अफरा- तफरी मच गई। आनन-फानन में लोगों ने उसे पीएचसी डुमरी पहुंचाया जहां से महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया। छात्रा ले फिनायल क्यों पिया इसकी जानकारी अभी नहीं हो सकी है।

### लापता 7 साल के मासूम की गला दबाकर हत्या, खेत में मिला बच्चे का शव, चोट के निशान

**मुजफ्फरनगर.** यूपी के मुजफ्फरनगर में भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव भौराखुर्द से मंगलवार शाम से लापता 7 वर्षीय मासूम बच्चे की हत्या कर शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया। बुधवार सुबह बच्चे का शव गन्ने के खेत में पड़ा मिला। उसके गले पर चोट के निशान बने हुए थे। भौराखुर्द निवासी जमील का 7 वर्षीय बेटा समध मंगलवार शाम अन्य बच्चों के साथ घर के पास खेल रहा था, लेकिन रात्रि में वह घर पर नही पहुंचा। परिजनों ने काफी देर तक उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। रात्रि में परिजनों ने थाने पर पहुंचकर उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी। रात्रि में पुलिस व परिजनों ने बच्चे की तलाश की, लेकिन बच्चे का सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह पुलिस व परिवार के लोग बच्चे की तलाश कर रहे थे।

### पिता को बचाने के लिए गुलदार से भिड़ी बहादुर बेटी, कई वार कर मुंह से छुड़ाया

**बिजनौर.** यूपी के बिजनौर में नूरपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंझौला बिल्लौच के मजरा नजरपुर मंडैयो गांव में बुधवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब जंगल में पत्ती बीन रहे एक अधेड़ व्यक्ति पर गुलदार ने हमला कर दिया। लेकिन मौके पर मौजूद उसकी बहादुर बेटी ने गन्ने से वार कर गुलदार के मुंह से अपने पिता को छुड़ा लिया। इस साहसिक घटना के बाद पूरे गांव में बेटी की बहादुरी की चर्चा हो रही है। जानकारी के अनुसार, 55 वर्षीय रफीक पुत्र ननुवा अपनी पुत्री केसर जहां (32) के साथ गांव से कुछ ही दूरी पर जंगल में पशुओं के लिए गन्ने की पत्तियां बीनने गए थे। इसी दौरान झाड़ियों से निकले गुलदार ने अचानक रफीक पर झपट्टा मार दिया और उसके पैर को जबड़े में दबा लिया। कुछ क्षणों के लिए सहम गई केसर ने हिम्मत जुटाई और पास रखा गन्ना उठाकर गुलदार के मुंह पर लगातार वार करने लगी। कुछ ही पलों में गुलदार पिता को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया।

### फिल्मी अंदाज में खुद की गाड़ी पर चलवा दीं गोलियां, ई-रिक्शा चालक के बयान ने फंसाया

**मेरठ.** यूपी के मेरठ में रंजिश और सामने वाले पर दबाव बनाने की चाह में एक युवक ने ऐसा खतरनाक नाटक रचा, जिसने पुलिस को भी चौंका दिया। फिल्मी अंदाज में खुद की कार पर गोलियां चलाकर अज्ञात बदमाशों का हमला दिखाया गया, लेकिन पुलिस की सख्त जांच के बाद फर्जी कहानी ज्यादा देर टिक नहीं सकी। पुलिस के मुताबिक, चार जनवरी की रात सूचना मिली थी कि हाईवे पर एक कार पर तीन अज्ञात युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का मुआयना किया और शिकायतकर्ता को थाने लाकर तहरीर ली। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को संदेह हुआ। फुटेज में तहरीर में नामजद आरोपी घटनास्थल के आसपास आते-जाते नजर नहीं आए। जांच के दौरान सीसीटीवी में एक ई रिक्शा चालक की पहचान हुई. उसने बताया कि जिस समय फायरिंग की बात कही जा रही है, उस वक्त कार पहले से ही सड़क किनारे खड़ी थी।

# रेड के दौरान जबरन घुस आईं ममता बनर्जी जरूरी दस्तावेज उठा ले गईं : ED के आरोप

**कोलकाता.** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को कोलकाता में IPAC के दफ्तर पर छापेमारी की है। इसके अलावा IPAC के मुखिया प्रतीक जैन के घर पर भी छापेमारी की गई है। इसे लेकर विवाद छिड़ गया है। इस बीच प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया है कि प्रतीक जैन के घर पर ममता बनर्जी आई थीं। वह उनके घर से सभी जरूरी सबूतों वाले दस्तावेजों को लेकर गई हैं। ममता बनर्जी कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज को भी ले गई हैं। जांच एजेंसी ने कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में स्थित IPAC के दफ्तर पर रेडी मारी और फिर कंपनी के मालिक प्रतीक जैन के घर पर भी छापेमारी की गई।

दरअसल IPAC एक राजनीतिक कंसल्टेंट कंपनी है, जिसे ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने विधानसभा चुनाव



2026 के लिए हायर किया है। ईडी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह छापेमारी हवाला कारोबार को लेकर की गई है। यह हवाला का पैसा कोयला तस्करी सिंडिकेट के जरिए आया था। इस कोयले का बड़ा हिस्सा शाकंभरी ग्रुप ऑफ कंपनीज को बेचा गया। जांच में पता चला है कि इस घोटाले का संबंध में हवाला ऑपरेटरों से भी है। कई लोगों के गवाहों से हवाला गठजोड़ की पुष्टि हुई है।

इसी जांच में यह भी निकला कि कोयला तस्करी में शामिल एक शख्स का लेनदेन IPAC से भी रहा है और उसने कई करोड़ रुपये की रकम कंपनी को ट्रांसफर की थी। इस हवाला गठजोड़ से IPAC का लिंक निकला है। एजेंसी का कहना है कि आज पश्चिम बंगाल के 6 शहरों और दिल्ली के 4 ठिकानों पर छापेमारी की गई है।

#### ईडी के अधिकारियों से पूछा- आप कौन हैं और किसके आदेश पर जांच

सर्च के दौरान साउथ कोलकाता के डिप्टी कमिश्नर भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ईडी के अधिकारियों से उनकी पहचान पूछी। इसके अलावा कोलकाता के कमिश्नर भी कई पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर आए। उनसे बातचीत में ईडी के अधिकारियों ने अपनी पहचान बताई। इसके अलावा यह भी बताया कि किस आधार पर और किस अधिकारी के नेतृत्व में यह रेड मारी जा रही है। संबंधित अधिकारियों ने अपना आईडी कार्ड भी दिखाया।

# SC में जस्टिस वर्मा की याचिका पर फैसला सुरक्षित

- महाभियोग पर LS स्पीकर के फैसले को दी थी चुनौती



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव पर लोकसभा अध्यक्ष द्वारा जांच कमेटी बनाने की मंजूरी देने में प्रक्रियागत खामियों का आरोप लगाया है। दो दिनों की सुनवाई के बाद जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने गुरुवार (8 जनवरी) को इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। हालांकि, बेंच ने जस्टिस वर्मा को पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय बढ़ाने से मना कर दिया है। उन्हें 12 जनवरी को संसदीय समिति के सामने जवाब देना है।

इस याचिका में जस्टिस वर्मा ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए बनाई गई पार्लियामेंट्री कमेटी की वैधता को चुनौती दी है। उनका कहना है कि उन्हें हटाने का प्रस्ताव राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन ने खारिज कर दिया था। जस्टिस वर्मा ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि जब संसद के दोनों सदनों में एक ही दिन (महाभियोग का) प्रस्ताव दिया जाता है, तो प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए एक जॉइंट-कमेटी बनाने के लिए यह जरूरी है कि वह प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार किया जाए।

# भारत पर 500% टैरिफ लगा सकता है अमेरिका

- रूस के खिलाफ प्रतिबंधों से जुड़े बिल को ट्रम्प की मंजूरी
- अगले हफ्ते संसद में वोटिंग

**वाशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक टाइम्स के मुताबिक इस बिल में रूस से तेल खरीदने वाले देशों खासकर भारत, चीन और ब्राजील पर 500% तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है।

रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने बताया कि उन्होंने बुधवार को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से



बातचीत की, जिसमें ट्रम्प ने संसद बिल को पेश करने के लिए हरी झंडी दे दी। यह बिल पिछले कई महीनों से तैयार किया जा रहा था। इसे अगले हफ्ते संसद में वोटिंग के लिए लाया जा सकता है।

बिल का नाम 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट 2025' है। इसका मकसद उन देशों पर दबाव बनाना है, जो यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीद रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि इससे रूस को युद्ध लड़ने में मदद मिल रही है।

#### क्या है सेंक्शनिंग रशिया एक्ट (SRA) 2025?

इस एक्ट के तहत रूस के ऊर्जा, बैंकिंग और डिफेंस सेक्टर्स को निशाना बनाया गया है। इसमें रूसी तेल-गैस कंपनियों, बड़े बैंकों, डिफेंस इंडस्ट्री और उनसे जुड़े ग्लोबल नेटवर्क पर सख्त पाबंदियों का प्रस्ताव है। इसके साथ-साथ उन तीसरे देशों, कंपनियों या बैंकों पर भी सेकेंडरी सैंक्शन लगाने का प्रावधान है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते पाए जाएं।

# रेलवे और फोर्स में सरकारी नौकरी के नाम पर बड़ा घोटाला

- ED की 6 राज्यों के 15 शहरों में छापेमारी

**नई दिल्ली.** देश के 6 राज्यों के 15 शहरों में गुरुवार सुबह से ही प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी है। ईडी की यह रेड सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर चल रहे स्कैम को लेकर है। इसके तहत एक संगठित गिरोह लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगता था। उनकी ओर से लोगों को फर्जी ही नियुक्ति पत्र और कॉल लेटर आदि जारी किए जा रहे थे। खासतौर पर भारतीय रेलवे और 40 अन्य सरकारी विभागों में भर्तियों के नाम पर यह स्कैम चल रहा था। रेलवे के अलावा डाक विभाग, वन विभाग, टैक्स डिपार्टमेंट, हाई कोर्ट, लोक



निर्माण विभाग, बिहार सरकार, डीडीए और राजस्थान सचिवालय आदि के नाम पर यह ठगी की जा रही थी। यह गैंग फर्जी ईमेल अकाउंट बनाकर लोगों को नियुक्ति पत्र भेजा करता था। ऐसे ईमेल एड्रेस तैयार किए जाते थे, जिन्हें देखने से लगता था कि वास्तव में किसी सरकारी विभाग की ओर से ही भेजा गया है। यही नहीं लोगों में विश्वास पैदा करने के लिए इस फ्रॉड गैंग ने कुछ लोगों के खातों में 2 से 3 महीने सैलरी भी भेजी थी। इन लोगों को आरपीएफ, टीटीई की नौकरी देने का झांसा दिया जाता था। इन्हें दो से तीन महीने तक सैलरी के नाम पर भी रकम ट्रांसफर की जाती थी। इसी के नाम पर उसने ठगी कर लेते थे। रेलवे में टेक्नीशियन जैसे पदों पर भी यह ठगी की जाती थी।

#### 6 राज्यों के 15 शहरों में ईडी की रेड

ईडी इस मामले में बिहार, बंगाल, यूपी, तमिलनाडु, गुजरात और केरल में छापेमारी कर रहा है। इन 6 राज्यों के कुल 15 शहरों में ईडी की रेड जारी हैं। यूपी के गोरखपुर में ईडी ने 2 स्थानों पर छापेमारी की है। इसके अलावा इलाहाबाद में 1 और लखनऊ में भी एक जगह छापेमारी चल रही है। बिहार में मुजफ्फरपुर में एक स्थान पर और मोतिहारी में भी 2 जगहों पर छापे मारे जा रहे हैं।

# कंगना रनौत को कोर्ट से झटका

- पेशी से छूट की अर्जी खारिज
- हर हाल में पेश होने का आदेश

**बठिंडा.** बॉलीवुड अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत को पंजाब के बठिंडा कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। किसान आंदोलन के दौरान एक बुजुर्ग महिला किसान पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कोर्ट ने उनकी पेशी से छूट की अर्जी खारिज कर दी है। अदालत ने स्पष्ट आदेश दिया है कि कंगना को 15 जनवरी को हर हाल में व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में हाजिर



होना होगा। अगर वे पेश नहीं हुईं तो उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जा सकता है और उनकी जमानत भी रद्द हो सकती है।

#### मामला क्या है?

यह विवाद 2020-21 के किसान आंदोलन से जुड़ा है। बठिंडा जिले के बहादुरगढ़ जंडिया गांव की बुजुर्ग महिला किसान महिंदर कौर (उर्फ बेबे महिंदर कौर) ने जनवरी 2021 में कंगना रनौत के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि कंगना ने सोशल मीडिया (एक्स) पर महिंदर कौर की फोटो शेयर करते हुए टिप्पणी की थी कि 'ऐसी बुजुर्ग महिलाएं धरने में 100-100 रुपये लेकर आती हैं' या 'ऐसी दादी 100 रुपये में उपलब्ध हैं'। महिंदर कौर ने इसे अपनी गरिमा और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाला बताया।

कंगना ने दावा किया था कि यह ट्वीट गलती से रीट्वीट था और उन्होंने किसी को लक्ष्य नहीं किया, लेकिन शिकायतकर्ता पक्ष ने इसे मानहानिकारक माना। मामला IPC की धारा 499 और 500 (मानहानि) के तहत दर्ज है।

### वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे का निधन

**नई दिल्ली.** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश अग्रवाल का 49 साल की उम्र में निधन हो गया है। अग्निवेश अमेरिका में स्कीइंग के दौरान घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए न्यूयॉर्क के माउंट सिनाई अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

7 जनवरी 2026 को अस्पताल में ही उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया। पिता अनिल अग्रवाल ने रात करीब 10 बजे सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। अनिल ने लिखा, 'हमें लगा था कि बुरा वक्त बीत चुका है, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

# एक्सप्रेसवे पर 24 घंटे में 29 किमी सड़क बनी

- 10,675 मीट्रिक टन डामर बिछाया गया
- NHAI ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए

**बेंगलुरू.** NHAI ने आंध्र प्रदेश में बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा इकोनॉमिक कॉरिडोर (NH-544G) पर दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। राजपथ इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने 24 घंटे में 28.95 (14.5 किमी डबललेन) किलोमीटर सड़क बिछाई। इसी के साथ 10,675 मीट्रिक टन बिटुमिनस कंक्रीट (डामर) डाला।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू सोशल मीडिया X पर इसको लेकर पोस्ट किया।



सीएम ने इसे भारत और आंध्र के लिए गर्व का पल बताया।

यह प्रोजेक्ट भारतमाला फेज-2 के तहत शुरू हुआ था। इसमें ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड दोनों तरह की सड़कें बन रही हैं। इससे इस रूट पर सफर करने वालों को भीड़भाड़ वाले शहरों और पुराने हाईवे पर नहीं जाना होगा।

#### 624 किमी लंबा है एक्सप्रेसवे

एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 624 किलोमीटर है। इसमें ग्रीनफील्ड हिस्सा कोडिकोंडा से अडंकी/मुप्पावरम तक करीब 342 किमी का है। ब्राउनफील्ड में बेंगलुरु-कोडिकोंडा (73 किमी, एनएच-44 पर) और अडंकी-विजयवाड़ा (113 किमी, एनएच-16 पर) शामिल हैं। इसकी लागत 19,320 करोड़ रुपए है।

यह सड़क गुंटूर, प्रकाशम, कुर्नूल और कडप्पा जिलों से गुजरेगी। इससे अमरावती से बेंगलुरु की यात्रा 11-12 घंटे से घटकर 6 घंटे हो जाएगी। पैसेंजर और माल ढुलाई तेज होगी।

#### क्या है ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड?

भारतमाला परियोजना में ग्रीनफील्ड का मतलब है बिल्कुल नई जगह पर नई सड़क या इंफ्रास्ट्रक्चर बनाना। इसमें पहले से कोई सड़क या ढांचा नहीं होता। खाली जमीन पर नया हाईवे बनाया जाता है।

वहीं ब्राउनफील्ड का मतलब है पहले से बनी सड़कों या इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाना। इसमें पुरानी सड़क को चौड़ा करना या अपग्रेड करना शामिल है, जैसे 4 लेन सड़क को 6 लेन में बदलना।

# तिलक वर्मा की सर्जरी हुई न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर



- टी-20 वर्ल्डकप की टीम में भी शामिल हैं
- एशिया कप में भारत को चैंपियन बनाया था
- टेस्टिकुलर टॉर्शन की समस्या

एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत को चैंपियन बनाने वाले तिलक वर्मा की सर्जरी हुई है। PTI की रिपोर्ट के अनुसार, तिलक न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज से बाहर हो गए हैं, जो 21 जनवरी से शुरू होगी। हालांकि, इस मामले में BCCI ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

एशिया कप फाइनल में तिलक ने नाबाद 69 रन की शानदार पारी खेली थी और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी चोट को टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वर्ल्ड कप के शुरुआती एक-दो मैचों में भी उनके खेलने पर संदेह बना हुआ है।

7 जनवरी की सुबह राजकोट में नाश्ता करने के बाद तिलक को शरीर के निचले हिस्से में अचानक तेज दर्द हुआ। इसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद उनकी सर्जरी की गई।

उस समय तिलक विजय हजारे ट्रॉफी के लिए हैदराबाद टीम के साथ राजकोट में थे। BCCI के एक अधिकारी ने PTI को बताया कि दर्द के बाद उन्हें तुरंत गोकुल अस्पताल ले जाया गया।

जांच और स्कैन में पता चला कि तिलक को टेस्टिकुलर टॉर्शन की समस्या हुई थी, जिसमें अचानक बहुत तेज दर्द होता है। डॉक्टरों ने बिना देरी किए सर्जरी की सलाह दी।


हमने अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ली और वे भी सर्जरी के फैसले से सहमत थे। तिलक की सर्जरी सफल रही है और अब उनकी हालत ठीक है।

# कैंची धाम टूरिस्ट डेस्टिनेशन नहीं, Gen-Z की आस्था का केंद्र

- पर्यटन विभाग के सर्वे में 70% युवा निकले
- स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग लगा चुके ध्यान

**नैनीताल.** उत्तराखंड के नैनीताल स्थित कैंची धाम को अब सिर्फ एक धार्मिक स्थल के रूप में नहीं, बल्कि युवा और Gen-Z की आध्यात्मिक तलाश के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं का रुझान बताता है कि कैंची धाम घूमने की जगह नहीं, बल्कि डिवोशन का डेस्टिनेशन बन चुका है, जहां लोग शांति, साधना और आत्मिक संतुलन की खोज में पहुंच रहे हैं।

संख्या विभाग और पर्यटन विभाग के संयुक्त सर्वे में सामने आया है कि बाबा नीम करौली



महाराज की तपोस्थली में आने वालों में सबसे बड़ी हिस्सेदारी 15 से 30 साल के युवाओं की है। यह ट्रेंड साफ संकेत देता है कि नई पीढ़ी अध्यात्म को सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि जीवन की जरूरत के रूप में अपना रही है।

#### युवा और Gen-Z का अध्यात्म की ओर बढ़ता रुझान

अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2025 के दौरान किए गए तीन हजार श्रद्धालुओं पर आधारित इस सर्वे में सामने आया कि 67.17 प्रतिशत श्रद्धालु 15 से 30 वर्ष की आयु वर्ग से हैं। यानी कैंची धाम में आने वाला हर तीसरा श्रद्धालु युवा या Gen-Z वर्ग से जुड़ा है। यह आंकड़ा इस बात की ओर इशारा करता है कि धर्म और अध्यात्म के प्रति युवाओं की दिलचस्पी तेजी से बढ़ रही है और वे इसे मानसिक शांति व जीवन के अर्थ से जोड़कर देख रहे हैं।

#### कैंची धाम- डेस्टिनेशन नहीं, डिवोशन

सर्वे के मुताबिक 95.3 प्रतिशत श्रद्धालु केवल आध्यात्मिक उद्देश्य से कैंची धाम पहुंचे। इनमें से 99 प्रतिशत ने एक घंटे से कम समय में दर्शन किए। खास बात यह रही कि 73.4 प्रतिशत श्रद्धालु सिर्फ बाबा नीम करौली महाराज के दर्शन के लिए आए और आसपास के अन्य पर्यटन स्थलों पर नहीं गए। वहीं, 65 प्रतिशत श्रद्धालु दर्शन के बाद सीधे लौट गए, जिससे यह साफ होता है कि कैंची धाम का महत्व पर्यटन से ज्यादा भक्ति और आस्था से जुड़ा है।

# कानून को चुनौती देने आ जाते हैं अमीर, आम लोगों जैसे ट्रायल झेलो

- सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

**नई दिल्ली.** मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अमीर कानून को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत लोग केस दर्ज होने के बाद उस कानून को चुनौती देने के लिए अदालत का रुख करते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने इस बढ़ते 'ट्रेंड' पर चिंता भी जाहिर की है।

शीर्ष न्यायालय में सीजेआई कांत और जस्टिस जॉयमाला की बेंच सुनवाई कर रही थी। दिल्ली के वकील गौतम खैतान की तरफ से याचिका दाखिल की गई थी, जिनके खिलाफ अगस्ता



वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर डील मामले में केस दर्ज हुआ है। उनकी तरफ से सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट पहुंचे थे।

खैतान ने PMLA यानी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के कुछ प्रावधानों की वैधता को चुनौती दी है। इसपर सीजेआई ने कहा, 'यह बहुत ही दुर्लभ ट्रेंड चल रहा है कि जब ट्रायल चल रहा हो तब... अमीर और प्रभावशाली कानून को चुनौती देने के लिए कोर्ट आते हैं। किसी भी अन्य नागरिक की तरह ट्रायल का सामना कीजिए।'

कोर्ट ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। साथ ही कहा कि कानूनी प्रावधानों को पहले दी गई चुनौतियां अभी लंबित हैं।

खास बात है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने भी अगस्त 2025 में इसी तरह की याचिका दी थी। उन्होंने PMLA की धारा 44 के तहत ED यानी प्रवर्तन निदेशालय के प्रावधानों को चुनौती दी थी।

# एक-दो नहीं, इस साल 19 युद्धपोत शामिल करेगी नौसेना

- चीन की चुनौती को भारत का जवाब

**नई दिल्ली.** भारतीय नौसेना अपने इतिहास की सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि की ओर अग्रसर है। इस वर्ष 2026 में नौसेना 19 युद्धपोतों को कमीशन करने जा रही है, जो एक वर्ष में सबसे बड़ी वृद्धि होगी। पिछले वर्ष 2025 में नौसेना ने 14 जहाजों को कमीशन किया था, जिसमें एक पनडुब्बी भी शामिल थी। सूत्रों के अनुसार, यह उत्पादन गति इतिहास में अभूतपूर्व है और यह स्वदेशी जहाज निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता को दर्शाती है।

ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि 2026 नौसेना के विस्तार का शिखर वर्ष रहेगा। इस दौरान नीलगिरी श्रेणी के मल्टी-रोल स्टेल्थ फ्रिगेट्स की संख्या में भी इजाफा होगा। इस श्रेणी का अग्रणी पोत जनवरी 2025 में सेवा में आया था, जिसके बाद अगस्त 2025 में आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि का कमीशनिंग हुआ। चालू वर्ष में इस श्रेणी के कम से कम दो और पोत नौसेना में शामिल होने की उम्मीद है।

इसके अलावा, सूची में इक्षाक श्रेणी का सर्वे पोत और निस्तार श्रेणी का डाइविंग सपोर्ट पोत भी शामिल हैं। इतने बड़े पैमाने पर कमीशनिंग को संभव बनाने में 'इंटीग्रेटेड कंस्ट्रक्शन' पद्धति की अहम भूमिका है। इस प्रक्रिया में जहाज के ढांचे, सुपर-स्ट्रक्चर और आंतरिक प्रणालियों को 250 टन के ब्लॉक्स में तैयार किया जाता है, जिन्हें बाद में जोड़ा जाता है।

इन ब्लॉक्स को इस तरह सटीकता से बनाया जाता है कि वेल्डिंग के बाद केबल और पाइपिंग सहज रूप से फिट हो सके। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से निर्माण के लिए 'सीक्वेंस' तैयार किया जाता है- जिसमें सामग्री की सोर्सिंग से लेकर उत्पादन समय-सीमा तक शामिल होती है। नए डिजाइन सॉफ्टवेयर, AI और आधुनिक निर्माण तकनीकों के चलते अब भारतीय शिपयार्ड्स छह साल में जहाज तैयार कर रहे हैं, जबकि पहले यह अवधि 8-9 साल होती थी। सॉफ्टवेयर मशीनरी के लेआउट, उपकरणों और फ्लुइड डायनेमिक्स तक का पूर्वानुमान लगाता है।

